प. क्र. 4887

दिनांक 17.06.1998

# तृप्ति समाज सेवी संस्था

प्रशासनिक कार्यालय– रवि भवन, जूनेजा स्टील गली, रत्नाबांधा रोड, धमतरी (छ०ग०)
मो. नं० – 9981153800, 9009205000, फोन.नं. 8085173522
E-mail:- tsssantha@yahoo.co.in

# वार्षिक प्रतिवेदन

## वर्ष– 2020-2021

### ०१ विश्व पर्यावरण दिवस (०५ जून २०२०) :-

संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस ०५ जून २०२० को ग्राम- पावंद्वार वि.ख. नगरी जिला - धमतरी में पर्यावरण जागरूकता हेतु वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती प्रेमीन साहू द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम के सचिव एवं समस्त ग्रामवासी की सहभागिता रही। सचिव श्री भरत लाल साहु जी द्वारा **पर्यावरण पर है हम सबका हक, इसलिए इसकी रक्षा भी है सबका कर्तव्य का नारा दिया गया।** साथ ही पर्यावरण हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए शुद्ध, जल, वायु, भोजन उपलब्ध करवाता हैं। और वर्तमान में कोरोना महामारी के चलते होने वाली आक्सीजन की कमी न हो इसलिए अधिक मात्रा में वृक्षारोपण किया जाये। आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण सुधार हेतु आमजन को जानकारी प्रदाय की गई साथ ही पर्यावरण सुधार में वृक्षो के महत्व पर प्रकाश डाला गया।





### ०२. नशा उन्मूलन कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा ग्राम पंचायत नवागांव विकासखण्ड -सिमगा, जिला- बलौदाबाजार में नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच श्री रमेश साहु के सहयोग से ग्रामवासियों को एकत्रित कर ग्राम भ्रमण किया गया एवं नशे के कारण होने वाले दुष्प्रभाव से लोगो को प्रचार-प्रसार के माध्यम से अवगत कराया गया। चुंकि आस-पास के क्षेत्र में नशे की संलिप्तता अधिक है। इस कारण आस-पास के ग्रामवासियों को भी आमंत्रित किया गया एवं नशाबंदी किये जाने हेतु अपील किया गया।

Scanned with CamScanner

नशे के कारण समाज में बढ़ रही कुरितियों से अवगत कराते हुए संस्था के सचिव श्री भरत लाल साहु ने अवैध शराब बिक्री तथा अन्य प्रकार के नशाखोरी को जड़ से समाप्त करने हेतु दृढ़ संकल्प लेने के लिए अपील किया गया।





## ०३ स्वच्छता जागरूकता अभियान :-

संस्था द्वारा विकासखण्ड नगरी, जिला - धमतरी में स्वच्छता जागस्कता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व **सचिव श्री भरत लाल साहू** द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में गंदगी से होने वाले गंभीर बिमारीयों से अवगत कराया गया। कोरोना महामारी को दुर करना, बीमारीयों को दुर भगाना तथा साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के महत्व को समझाते हुए योजना अंतर्गत निर्माण किये गये शौचालयों के महत्व से अवगत कराते हुए उनके उपयोग किये जाने हेतु अपील किया गयज्ञं

ग्रामों की कच्ची सड़क (गली) की सफाई की गई तथा सदैव तालाबों, नलकूपो तथा सार्वजनिक स्थलो को साफ-सफाई रखने हेतु ग्रामवासीयों को संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात् स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





Scanned with CamScanner

## ०४ कोविड -19 के खिलाफ बुनियादी सुरक्षात्मक उपाय :-

संस्था द्वारा विकासखण्ड कुरूद, जिला - धमतरी में **कोविड -19 के खिलाफ बुनियादी सुरक्षात्मक उपाय** के अंतर्गत ग्राम के युवा संगठन एवं महिला स्वसहायता समुह के सदस्यों के द्वारा जन-जागरूकता रैली, की आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व **सचिव श्री भरत लाल साहू** द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ०२ गंज दुरी माक्स है जरूरी का नारा लगाया गया एवं सैनिटाईजर के उपयोग एवं महत्व को बताया गया। आमजनों को साबुन से बार-बार हाथ धोना, श्वसन स्वच्छता का अभ्यास करे, जानकारी रखे तथा अपने स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा दी गयी सलाह का पालन करें।




## ०५बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा द्वारा २४ जनवरी २०२१ को कुरूद में बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ओं के तहत विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें संस्था की अध्यक्ष श्रीमति प्रेमिन साहू बालिकाओ के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रही एवं शासन द्वारा किये जा रहे अभिनव पहल में सहभागिता दर्ज करायी। कार्यक्रम के माध्यम से सभी बालिकाओ को शिक्षित बनाने, शैक्षणिक एवं व्यवसायिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए की प्रेरणा दिया गया।



Scanned with CamScanner

## ०६. अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस (०८ मार्च) के अवसर पर ग्राम पंचायत - जमरांव, वि.ख. पाटन, जिला- दुर्ग में महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच श्रीमति दिया साहू द्वारा किया गया आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंच, कृषक एवं महिला स्व सहायता समुह के सदस्यो तथा अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था की **अध्यक्ष श्रीमति प्रेमिन साहू** ने उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए महिलाओं को समानता के अधिकार तथा शासन की अन्य योजनाओं से अवगत कराया तथा लिंग भेद मिटाकर साथ में मिल जुलकर काम करने हेतु प्रेरित किया। श्रीमति प्रेमिन साहू द्वारा महिलाओं को उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार एवं अत्याचार के खिलाफ एक जुट मुकाबला करने हेतु सक्षम बनने की बात कही नही शासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अपना योगदान प्रदाय करने की अपील के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।





Scanned with CamScanner